पंजाब केसरी 25/01/2025

ग्रीन इकोनॉमी पर अंजली वधावन ने दिया व्याख्यान

अम्बाला, 24 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में छात्र प्रगति एवं पूर्व छात्र प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की पूर्व छात्रा एवं समाजसेविका अंजली वधावन ने ग्रीन इकोनॉमी पर व्याख्यान दिया।

कॉलेज के विद्यार्थियों के के साथ ग्रीन इकोनॉमी की अवधारणा पर गहन चिंतन करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को इसके सतत विकास के लिए प्रोत्साहित किया। डा. रोहित दत्त ने बताया कि छात्र सोशल मीडिया की दुनिया में फंस कर अपना समय बर्बाद करने के बजाय प्रकृति से जुड़ने का प्रयत्न करें तथा जीवन में प्रकृति का महत्व समझें। छात्र प्रगति एवं पूर्वोत्तर प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डा. तृप्ति शर्मा ने बताया कि अंजली वधावना ने बी.एस.सी. तथा बी.ए. के विद्यार्थियों के आधुनिक विषय पर ज्ञान वृद्धि की है।

इस दौरान अंजली वधावना ने कॉलेज परिसर के लिए पौधों समेत करीब 20 से अधिक गमले दान किए।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में ग्रीन इकोनॉमी की जानकारी देतीं समाजसेविका अंजली वधावन। (देवदत्त)